(d) whether international bullion dealers would be allowed to sell gold in foreign exchange to NRI's; and

(e) if so, what ar$_e$ the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI RAMESH WAR THAKUR): (a) and (b) Gold import under the new Gold Import Policy has given encouraging results and the quantities of gold improted under the new policy in the months of April, Mlay and June, 1992 are given below: —

| | Quantity of Gol d imported (in Kg s.) |
|---|---|
| April, 1992 . | 3226.84 |
| May, 1992 | 8668.63 |
| June, 1992 | 8926.70 |

(c) Barring a marginal increase of domestic prices of gold in April, 1992 there has been a decline in the domestic prices of gold after the introduction of new gold import policy as given below: —

| | Average monthly price of gold (In Rs. per 10 gms.) Bombay Market |
|---|---|
| January, 1992 . . . . | 4910 |
| February, 1992..... | 4708 |
| March, 1992 . ..... | 4245 |
| April, 1992..... | 4465 |
| May, 1992 . ..... | 4173 |
| June, 1992 ..... | 4109 |

(d) No such proposal i$_s$ under consideration .

(e) Does not arise.

**सरकारी खर्चे में कमी करने की योजना**

1235. **श्री अनन्तराम जायसवाल :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय मंत्रालयों, विभागों और राज्य सरकारों के खर्चे में कमी करने की किसी योजना को अंतिम रूप दिया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या इस योजना को लागू कर दिया गया है और

(घ) यदि हां, तो इसे कब से लागू किया गया है और उसमें कितनी सफलता मिली है ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शांताराम पोटदुखे) :** (क) से (घ) राजकोषीय सुधार की प्रक्रिया के एक भाग के रूप में सरकार ने 1992–93 में राजकोषीय घाटे में सकल धरेलू उत्पाद के 5 प्रतिशत तक कटौती की परिकल्पना की है । इसका अनिवार्य रूप से आशय है – व्यय में कमी करना । वर्ष 1992–93 के आयोजना-भिन्न व्यय के अनुमान, जिनमें ब्याज संदाय शामिल नहीं है , 1991–92 के लिये संशोधित अनुमानों की तुलना में कम है । हालांकि 1992–93 के केन्द्रीय आयोजना परिव्यय 1991–92 के संशोधित अनुमान की तुलना में काफी अधिक है फिर भी आयोजना के लिये बजटीय सहायता मामूली सी ही अधिक

है और सरकारी उद्यमों के आंतरिक और बजट बाह्य संसाधनों पर काफी अधिक निर्भरता रखी गई है। जैसा कि वित्त मंत्री के बजट भाषण में सूचित किया गया है, सभी मंत्रालयों को यह सुनिश्चित करने के लिये अनुरोध किया है कि किफायत बरतने के लिये सभी संभव उपाय किये जायें ताकि बजट अनुमानों में प्रावधान बढ़े नहीं। सभी मंत्रालयों से यह आशा की जाती है कि अतिरिक्त मंहगाई भत्ते के कारण अतिरिक्त व्यय को अनुमोदित बजट प्रावधानों में समाविष्ट करें।

**Siphoning of Stock Scam Money out of the country**

1236. SHRI J. P. JAVALI; Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a large portion of the amount out of the Rs. 3540 crore Stock Scam has gone out of the country;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) whether Government have identified the beneficiers of the am ounts sent out; and

(d) if so, what are the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI DALBIR SINGH): (a) to (d) The matter is being investigated by the concerned agencies.

**भारत में कार्यरत विदेशी बैंक**

**1237. डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
**श्री राम जेटमलानी :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश अनेक विदेशी बैंकों की शाखाएं कार्यरत हैं;

(ख) यदि हां, तो वित्तीय वर्ष 1991-92 में कौन-कौन से विदेशी बैंकों की शाखायें कार्यरत थीं ;

(ग) 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के वर्षों के दौरान इन बैंकों की शाखाओं द्वारा अलग-अलग वर्ष में कितनी-कितनी राशि विदेशों में भेजी गई थी ; और

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) में उल्लिखित धनराशि में संबंधित शाखाओं द्वारा अर्जित किये गये लाभांश की राशि कितनी थी ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह)** : (क) जी, हां।

(ख) इस समय भारत में 24 विदेशी बैंक कार्य कर रहे हैं। इन विदेशी बैंकों की सूची विवरण में दी गई है। **(नीचे देखिये)**।

(ग) और (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

**विवरण**

**भारत में शाखाओं वाले विदेशी बैंकों के नाम**

| क्रम सं० | विदेशी बैंकों के नाम |
|---|---|
| 1 | 2 |
| 1. | अमेरिकन एक्सप्रेस बैंक लिमिटेड |
| 2. | बैंक आफ अमेरिका एनटी एंड एसए |
| 3. | सिटी बैंक एन०ए० |
| 4. | ब्रिटिश बैंक आफ दी मिडिल ईस्ट |
| 5. | स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक |
| 6. | बार्कलेज बैंक पीएलसी |
| 7. | बांको नेशनल दे परिस |
| 8. | बांको इंडोसुएज |
| 9. | सोसाइटी जनरल |
| 10. | क्रेडिट लिओनिस |
| 11. | बैंक आफ टोकियो लिमिटेड |